>

Title : Need to upgrade B.R.D. Medical College in Gorakhpur, Uttar Pradesh on the lines of All India Institute of Medical Sciences.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर): गोरखपुर उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख धार्मिक, सांस्कृतिक एवं व्यापारिक केन्द्र होने के साथ-साथ पूर्वी उ.प्र., पश्चिमोत्तर बिहार तथा नेपाल के तराई के एक बहुत बड़े भाग के शिक्षा तथा चिकित्सा का भी प्रमुख केन्द्र है। लगभग 5 करोड़ आबादी के बीच में चिकित्सा का एकमात्र साधन बी.आर.डी मेडिकल कॉलेज है। प्रतिवÂर्ष जापानी इन्सेफालाटिस, मलेरिया, फाइलेरिया, काला ज्वर, डेंगू आदि विषाणुजनित बीमारियों के साथ साथ तमाम अन्य संक्रामक बीमारियों से हजारों मौतें चिकित्सा के अभाव में इस क्षेत्र में होती हैं। अपने सीमित संसाधनों से बी.आर.डी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा अन्य क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं करा पाती है, जिसके कारण प्रतिवÂर्ष हजारों मौतें स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में इस क्षेत्र में होती है।

इसलिए 5 करोड़ से अधिक जनसंख्या की स्वास्थ्य सुविधा के लिए आवश्यक है कि बी.आर.डी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली की तर्ज पर विकसित किया जाये, जिससे सही, सस्ती और विश्वसनीय चिकित्सा सुविधा इस क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को उपलबध हो सके। कृपया उ.प्र. के लिए प्रस्तावित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की नई इकाई को गोरखपुर में स्थापित किया जाये।